**वार्षिक परीक्षा 2023-24**

**जे बी अकादमी अयोध्या उ० प्र०**

**समय- 3 घण्टे** **कक्षा-8 विषय-हिन्दी,संस्कृत** **पूर्णांक- 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. इस प्रश्न-पत्र के पाँच खण्ड हैं क, ख, ग, घ और ड.।**

**2.पाँचों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

**4- उत्तर लेखन करते समय वर्तनी तथा लिखावट पर ध्यान दें ।**

**खण्ड-क (अपठित )**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे। बचपन के दिनों में, उनकी एयरगन से घायल होकर गिरने वाली, नीले कंठ की वह गौरैया सारी ज़िंदगी उन्हें खोज के नए-नए रास्ते की तरफ ले जाती रही। ज़िंदगी की ऊँचाइयों में उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं। वो लॉरेंस की तरह, नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप बन गए थे। सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे। जो लोग उनके भ्रमणशील स्वभाव और उनकी यायावरी से परिचित हैं, उन्हें महसूस होता है कि वो आज भी पक्षियों के सुराग में ही निकले हैं, और बस अभी गले में लंबी दूरबीन लटकाए अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे।

जब तक वो नहीं लौटते, क्या उन्हें गया हुआ मान लिया जाए! मेरी आँखें नम हैं, सालिम अली, तुम लौटोगे ना!

क- जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा क्या बने रहेंगे -

i- एक समस्या ii- एक पहेली iii- एक रहस्य iv- एक अजूबा

ख- बचपन में सलीम अली के एयर गन से कौन घायल हो गया था-

i- नीले कंठ की गौरैया ii- एक तोता iii- एक मोर iv- एक कबूतर

ग-सालिम अली किसका प्रतिरूप बन गये-

i- धर्म का ii- नैसर्गिक जिंदगी का iii-कर्म का iv- इनमें से कोई नहीं

घ- सलीम अली प्रकृति की दुनिया में क्या बनकर उभरे-

i- एक टापू ii- अथाह सागर iii- ऊँचा पर्वत iv- एक नदी

ड़-सालिम अली को याद करने से इस समय लेखक की आँखों में क्या है -

i - प्रेम ii- दया iii - आँसू iv- खुशी।

**प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

क्या गाती हो?
क्यों रह-रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो!
क्या लाती हो?

संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो!
ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली?

(i) कारावास की दीवारें कैसी बताई गई हैं?

(क) ऊँची और काली (ख) नीची और पतली (ग) ऊँची और कमज़ोर (घ) काली और मोटी

(ii) 'हिमकर' का क्या अर्थ है?

(क) सूर्य (ख) चंद्रमा (ग) हिमालय (घ) कोयल

(iii) कारावास में कवि किन लोगों के साथ रहने के लिए विवश था?

(क) कवि, भक्त और डाकुओं के साथ (ख) डाकूओं, लेखकों और गीतकारों के साथ

(ग) डाकुओं, चोरों और वटमारों के साथ (घ) साधुओं, और गीतकारों के साथ

(iv) कारावास में किसका कड़ा पहरा था?

(क) कोयल का (ख) कवि का (ग) शासन का (घ) चोरों का

(v) कवि के अनुसार कौन निराश करके चला ?

(क) दिनकर (ग) सैनिक (ख) हिमकर (घ) प्रभात

## खण्ड- ख (व्याकरण)

**प्रश्न 3- कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)**

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| समस्त-पद विग्रह | भेद का नाम |
| 1. सेनापति - सेना का पति | (i) द्वंद्व समास |
| 2. यथाशक्ति - शक्ति के अनुसार | (ii)तत्पुरुष समास |
| 3. सीताराम - सीता और राम | (iii) द्विगु समास |
| 4-त्रिभुज - तीन भुजाओं का समाहार | (iv) अव्ययीभाव |

**विकल्प**

(क) 1-(iii) 2-(i) 3-(ii) 4-(iv) (ख) 1-(ii) 2-(iv) 3-(i) 4-(iii)

(ग) 1-( ii ) 2-(iv) 3-(iii) 4-(i) (घ) 1-(iv) 2-(ii) 3-(i) 4-(iii)

**प्रश्न4- निम्नलिखित समस्त पदों का समास विग्रह करें-** **(1)**

प्रतिवर्ष, महात्मा

**प्रश्न5- अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान कर उनके भेद लिखिए** **(1x2=2)**

**क-** i- भगवान करे, सब सकुशल लौटें।

ii- यदि छुट्टियाँ हुईं, तो हम दिल्ली अवश्य जाएँगे।

**ख- कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| 1. शायद वह सामान खरीदने बाज़ार गया है। | (i) आज्ञावाचक |
| 2. अरे! सुरेश स्कूल जाएगा। | (ii) संदेहवाचक |
| 3. शीला रोज़ पढ़ने जाओ। | (iii) विस्मयवाचक |

**विकल्प**

(क) 1-(i), 2-(ii), 3-( ï ï ) (ख) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)

(ग) 1-(ii), 2-(i), 3-(iii) (घ) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii)

**प्रश्न6- निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय शब्द छाँटकर भेद लिखें ।** **(1x2=2)**

क- अधिक मत खाओ। ख वाह! अयान कमाल का बच्चा है ।

**प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें**

**क- सही संधि शब्दों को छाँटकर लिखें ।** **(1)**

सम्+योग= संयोग, उत+चारण=उच्चारण, वाक्+ईश=वागीश, सत+जन=सज्जन

**ख- निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर भेद लिखें ।** **(1)**

नयन, दीपावली

**प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें।**

**क- निम्नलिखित मे से किस पंक्ति मे अनुप्रास अलंकार है?** **(1)**

i- कनक -कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।

ii- फूलो की धड़कन मे सुनता हूं तुमको ।

iii- मुदित महीपत मंदिर आए।

**ख- निम्नलिखित पंक्ति मे अलंकार है?** **(1)**

समय शिला-सा जम जाएगा

**प्रश्न 9- निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित विभक्ति (कारक) लगाकर वाक्य पूरे कीजिए :** **(2)**

**क-** राज को वार्षिक समारोह……………अवसर पर श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया।

ख- माँ ने राज ……………...भोजन कराया।

ग- हेमा ने चाकू……….. …….सेब काटा।

घ-राघव छत… ……………...खेलता है।

## खण्ड - ग ( साहित्य )

**प्रश्न10- निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नो के उत्तर दें -** **(1x5=5)**

यह फिल्म 14 मार्च 1931 को मुंबई के 'मैजेस्टिक' सिनेमा में प्रदर्शित हुई। फिल्म 8 सप्ताह तक 'हाउसफुल' चली और भीड़ इतनी उमड़ती थी कि पुलिस के लिए नियंत्रण करना मुश्किल हो जाया करता था। समीक्षकों ने इसे 'भड़कीली फैंटेसी' फिल्म करार दिया था मगर दर्शकों के लिए यह फिल्म एक अनोखा अनुभव थी। यह फिल्म 10 हज़ार फुट लंबी थी और इसे चार महीनों की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था। सवाक् फिल्मों के लिए पौराणिक कथाओं, पारसी रंगमंच के नाटकों, अरबी प्रेम-कथाओं को विषय के रूप में चुना गया। इनके अलावा कई सामाजिक विषयों वाली फिल्में भी बनीं। ऐसी ही एक फिल्म थी 'खुदा की शान।' इसमें एक किरदार महात्मा गांधी जैसा था। इसके कारण सवाक् सिनेमा को ब्रिटिश प्रशासकों की तीखी नज़र का सामना करना पड़ा।

क- आलम आरा फिल्म कब और कहाँ प्रदर्शित हुई?

ख- खुदा की शान फिल्म को किसकी तीखी नजरों का सामना करना पड़ा और क्यो?

ग- इस गद्यांश के लेखक और विधा का नाम लिखें।

घ- आलम आरा को बनाने मे कितना समय लगा था?

ड.- समीक्षकों ने फिल्म के बारे क्या विचार प्रकट किया?

**प्रश्न11- निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नो के उत्तर दें -** **(1x5=5)**

वह पुलकनि, वह उठि मिलनि, वह आदर की बात।
वह पठवनि गोपाल की, कछू न जानी जात ।।
घर-घर कर ओड़त फिरे, तनक दही के काज।
कहा भयो जो अब भयो, हरि को राज-समाज।
हौं आवत नाहीं हुतौ, वाही पठयो ठेलि ।।
अब कहिहौं समुझाय कै, बहु धन धरौ सकेलि।।

क- 'घर-घर कर ओड़त फिरे, तनक दही के काज।' इस पंक्ति का भाव अपने शब्दों मे लिखें ।

ख- कृष्ण के किस व्यवहार को भुलाया नहीं जा सकता है ?

ग- सुदामा के मन मे कृष्ण के प्रति खीझ के भाव क्यों थे?

घ- इस काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखें।

ड. - 'वाही' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

**प्रश्न 12- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3x2=6)**

**क-** साहस मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थिति मे विचलित नहीं होने देता कैसे? बाज और साँप पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दें । **अथवा**

साँप आत्म केन्द्रित था फिर भी उसने बाज को उत्साहित कैसे किया ?

**ख-** गौरैया ने टोपी बनवाने के लिए बहुत संघर्ष किया उसके संघर्ष को अपने शब्दों मे लिखें।

**अथवा**

टोपी कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? विस्तार से उत्तर दें।

**प्रश्न 13- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें -**

**(2x4=8)**

**क-** साइकिल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर कैसे बनाया?

**ख-** लाला झाऊलाल के लिए 'काटो तो बदन मे खून नहीं' वाली स्थिति कब बन गई थी?

**ग-** गोपियाँ माँ यशोदा से क्या शिकायत करती हैं अपने शब्दों में लिखें।

**घ** - अम्मा ने मायके जाने का फैसला क्यों किया?

**अथवा**

"अब कुछ भी हो जाए,हिलकर पानी भी नहीं पियेंगे" ऐसा बच्चों ने कब कहा, क्या ऐसा निर्णय लेना उचित था ? यदि हाँ तो क्यों ? यदि नहीं तो क्यों **?**

**प्रश्न14-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें - (1x8=8)**

**क-** भैंस का दूध दुहने के लिए बच्चों ने क्या किया?

**ख** -वाद-विवाद के बाद क्या तय हुआ था?

**ग**-साइकिल चलाने में कौन-कौन सी महिलाएंँ आगे आईं?

**घ-** पुडुकोट्टई जिला किस प्रदेश मे आता है?

**ड.**- लाला झाऊलाल की दशा देखकर उनकी पत्नी ने क्या कहा?

**च**-लाला झाऊलाल के आँगन मे भीड़ क्यों एकत्रित हो गई थी?

**छ-** कृष्ण ने गोपियों के घर जाकर क्या किया?

**ज-** साँप बाज की किस मूर्खता पर हँस रहा था?

**झ-** गवरा, गौरैया को टोपी पहनने से क्यों रोकता है?

## <u>खण्ड - ड. (संस्कृत)</u>

**प्रश्न15- निम्नलिखित श्लोक का हिंदी अनुवाद करे- (2)**

मातृवत परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत।
आत्मवत सर्वभूतेषु य: पश्यति स: पण्डित:।।

**प्रश्न16- रिक्त स्थानों मे उचित शब्द भरकर पूर्ति कीजिए** | **(2)**

क - ....................किं न करोति पापम्। ख-महजनो येन गत: ---------------------।

ग- …………....गुरुणां हि अविचारणीया। घ- सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति………..।

**प्रश्न17- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए।** **(4)**

**क-** ब्राह्मण: किम अवहत? ?

ख- भारतस्य मुख्य: शासक: क: अस्ति ?

ग- द्वितीय धूर्त: किम् अवदत ?

घ- भारते कति ऋतव: भवन्ति **?**

**प्रश्न18- निम्नलिखित शब्दों का सही मेल करिए-** **(2)**

| | |
|---|---|
| **क-** भारतभूमये | 1-हिन्दमहासागर: |
| ख- विशाल: | 2- कश्मीर प्रदेशं |
| ग- दक्षिणदिशायां | 3- भारतदेश: |
| घ-पृथिव्या:स्वर्गं | 4- नम: |

**प्रश्न19- निम्नलिखित सूक्तय: हिंदी मे अनुवाद करें।** **(2)**

क-संकटकाले तु सम्प्राप्ते यन्मित्रं मित्रमेव तत्।

ख-उद्यमेन हि सिद्धयन्ति कार्याणि न मनोरथे:।

**प्रश्न20- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्दों लिखें** **(2)**

क-दिवा ख-दुर्जन: ग-सफल: घ-मूर्ख:

**प्रश्न21-निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखे-** **(2)**

सम्मुखे, स्कन्धे मार्गे, वेषपरिवर्तन ।

## <u>खण्ड-च (लेखन)</u>

**प्रश्न22- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 120 शब्दों मे अनुच्छेद लिखें । (5)**

**क- स्त्री शिक्षा**

संकेत बिन्दु :- * भारत में स्त्रियों की दशा।
* शिक्षा का महत्व ।
* स्त्री शिक्षा अनिवार्य ।
* समाज का सुंदर स्वरूप ।

**ख- (क) मोबाइल का मायाजाल**

**संकेत बिंदु:** *आज की आवश्यकता
* समय की बर्बादी ।
*उचित प्रयोग आवश्यक ।

**ग- हमारा विद्यालय सभी विद्यालयों मे अग्रणी**

संकेत बिन्दु:-
*उच्चकोटि की शिक्षा ।
* सभी विद्यार्थियों को समान अवसर ।

* अनेक गतिविधि ।

* तकनीकी शिक्षा

**प्रश्न23- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें -** **(5)**

**क-आपके शहर मे आए दिन चोरी की घटनाएँ होती हैं । इसकी रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र लिखें ।**

**अथवा**

**ख-आपके विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह मे सभी छात्रों के लिए उत्तराखंड मे सात दिवसीय रोमांचक शिविर का आयोजन किया जाता है । इस शिविर का महत्त्व बताते हुए अपने सहपाठी को पत्र लिखें ।**